भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1807
दिनांक 04.12.2019/13 अग्रहायण,1941 (शक) को उत्तर के लिए

हिंदी सलाहकार समिति की बैठकें

†1807. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि विभिन्न मंत्रालयों तथा इसके अंतर्गत आने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में राजभाषा के रूप में हिंदी के प्रगामी प्रयोग की स्थिति का जायजा लेने तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न निर्देशों के अनुपालन हेतु सुझाव देने के लिए गठित हिंदी सलाहकार समिति की बैठकों का आयोजन नियमित रूप से नहीं किया जाता है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इन बैठकों की सार्थकता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न मंत्रालयों को इन बैठकों का आयोजन नियमित रूप से करवाने के लिए निर्देश जारी करेगी; और

(ग) क्या मंत्रालय के प्रशासनाधीन विभिन्न कार्यालयों के निरीक्षण के लिए सलाहकार समिति के सदस्यों द्वारा किसी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क) एवं (ख): भारत सरकार की राजभाषा नीति के सुचारु रुप से कार्यान्वयन के बारे में सलाह देने के उददेश्य से विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के प्रभारी माननीय मंत्रियों की अध्यक्षता में हिंदी सलाहकार समितियों का गठन किया गया है | भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों को समय-समय पर हिंदी सलाहकार समिति के पुनर्गठन एवं नियमित बैठकों के आयोजन के संबंध में निदेश जारी किए जाते हैं|

(ग) जी नहीं | इस संबंध में वर्तमान व्यवस्था पर्याप्त है |

*****

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
RAJYA SABHA
UNSTARRED QUESTION NO. 1807

TO BE ANSWERED ON THE 04TH DECEMBER, 2019/AGRAHAYANA 13, 1941 (SAKA)

MEETINGS OF HINDI ADVISORY COMMITTEE

1807. SHRI RAM NATH THAKUR:

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the meetings of Hindi Advisory Committee, organized to take stock of the progressive use of Hindi as an official language and to give suggestions for following various instructions issued by Government, are not held regularly in various Ministries and Public Sector Undertakings under them;

(b) if so, whether Government would direct various Ministries to hold said meetings regularly in order to ensure their utility; and

(c) whether a programme would be chalked out under which the inspection of various offices under the administration of Ministries would be carried out by the members of Advisory Committee?

ANSWER

MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS

(SHRI NITYANAND RAI)

(a) and (b) Hindi Advisory Committee have been constituted under the Chairmanship of Hon'ble Ministerin charge in various Ministries/ Departments to take stock of the progressive use of Hindi as an official language. Instructions have been issued to Ministries/Departments of Government of India from time to time for reconstitution of Hindi Advisory Committee and organizing its regular meeting.

(c) No Sir,The present provision is sufficient in this regard.

*****